दैनिक प्रातः कालीन

# क्यूँ न लिखूँ सच

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO.- 05086/21

वर्ष :- 02 अंक :- 118 मुरादाबाद 24 August 2022 (Wednesday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## माफिया अतीक अहमद पर योगी सरकार का शिकंजा, 75 करोड़ की अवैध संपत्तियां कुर्क होंगी



अवैध धंधे से कमाई कर अर्जित की गई माफिया अतीक अहमद की संपत्तियों को कुर्क करने की अनुमति मिल गई है। धूमनगंज पुलिस की रिपोर्ट पर जिलाधिकारी ने अतीक की 75 करोड़ रुपये की अवैध संपत्तियों को गैंगस्टर एक्ट में कुर्क करने का आदेश जारी कर दिया है। पुलिस को छह सितंबर तक कार्रवाई करके जिलाधिकारी को रिपोर्ट देनी है। कुछ दिन पहले ही धूमनगंज पुलिस ने अतीक की 24 करोड़ रुपये की संपत्ति को कुर्क किया

था।पूर्व सांसद और माफिया अतीक अहमद की अवैध संपत्तियों की खोजबीन के लिए धूमनगंज व पूरामुफ्ती पुलिस को लगाया गया है। 24 करोड़ की संपत्ति कुर्की के बाद पुलिस ने कौशाम्बी जिले में अतीक की पत्नी शाइस्ता के नाम से आठ बीघा जमीन का पता लगाया। इसके अलावा शाइस्ता के नाम से हाईवे पर पौने चार बीघा जमीन भी मिली थी। वहीं, रहीमाबाद में अतीक के नाम से ही सवा दो बीघा प्रॉपर्टी की जानकारी मिली है। इन तीनों प्रॉपर्टी को कुर्क करने के लिए एसएसपी के माध्यम से जिलाधिकारी से अनुमति मांगी गई थी। पुलिस गैंगस्टर एक्ट की धारा 14-1 के तहत माफियाओं की अवैध संपत्तियां कुर्क कर रही है। इसी एक्ट के तहत अतीक की 75 करोड़ रुपये की संपत्ति को कुर्क किया जाएगा।

## तेलंगाना: विधायक राजा सिंह भाजपा से सस्पेंड, पैगंबर मोहम्मद पर की थी विवादित टिप्पणी




पैगंबर मोहम्मद पर अपमानजनक टिप्पणी करने वाले विधायक राजा सिंह पर भाजपा ने एक्शन लिया है। भाजपा ने राजा सिंह को पार्टी से निष्कासित कर दिया है। बता दें कि राजा सिंह पर पैगंबर मोहम्मद को लेकर विवादित टिप्पणी करने का आरोप है। उनकी टिप्पणी पर मचे बवाल के बाद भाजपा की किरकिरी हो रही थी। भाजपा ने राजा सिंह के बयान पर स्पष्टीकरण भी मांगा है। पार्टी ने 10 दिन के अंदर इसकी वजह बताने को कहा है। बता दें कि पैगंबर पर विवादित टिप्पणी के मामले में तेलंगाना पुलिस राजा सिंह को गिरफ्तार कर चुकी है। उन्हें मंगलवार सुबह को हिरासत में लिया गया था। पुलिस ने उनके खिलाफ दबीरपुरा पुलिस स्टेशन में आईपीसी की धारा 153ए, 295 और 505 के तहत केस दर्ज किया है।

### राजा सिंह का वीडियो वायरल

गौरतलब है कि विधायक राजा सिंह ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो अपलोड किया था। इस वीडियो में उन्होंने पैगंबर मोहम्मद पर कथित तौर पर अपमानजनक टिप्पणी की थी। वीडियो वायरल होने के बाद मामले ने तूल पकड़ा। नाराज लोगों ने राजा सिंह के खिलाफ प्रदर्शन किए।राजा सिंह की टिप्पणी से गुस्साए लोगों ने सोमवार को डीसीपी दफ्तर के बाहर भी प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने नारेबाजी भी की। प्रदर्शनकारी राजा सिंह की तुरंत गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। इस दौरान पुलिस ने कई प्रदर्शनकारियों को हिरासत में ले लिया।

### मुनव्वर फारुकी के विरोध में बनाया था वीडियो-

राजा सिंह मुस्लिमों से जुड़े अक्सर विवादास्पद बयानों के लिए जाने जाते हैं। इससे पहले 20 अगस्त को हैदराबाद में स्टैंडअप कॉमेडियन मुनव्वर फारुकी के शो का विरोध करने पर राजा सिंह को नजरबंद किया गया था। राजा सिंह ने एक वीडियो बनाकर दावा किया था कि हैदराबाद पुलिस ने फारुकी को सुरक्षा दी थी और मदद की थी। भाजपा विधायक ने आरोप लगाया कि फारुकी ने कुछ ऐसी टिप्पणी की थी, जिससे धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंची और उनके लिए अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया। इस वीडियो में विधायक ने पैगंबर मोहम्मद को लेकर अपमानजनक टिप्पणी की थी।

## मुस्लिम लड़की यौवन प्राप्त करने के बाद बगैर माता-पिता की मर्जी विवाह कर सकती है : दिल्ली हाईकोर्ट



दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा है कि यौवन प्राप्त करने पर एक लड़की मुस्लिम कानूनों के तहत अपने माता-पिता की सहमति के बिना शादी कर सकती है और उसे अपने पति के साथ रहने का अधिकार है, भले ही वह नाबालिग हो।जस्टिस जसमीत सिंह की बेंच ने एक मुस्लिम जोड़े के मामले में यह टिप्पणी की, जिसने बीते 11 मार्च को लड़की के माता-पिता की इच्छा के खिलाफ जाकर शादी कर ली थी। युवक की उम्र 25 साल है, जबकि उसके परिवार और पुलिस के मुताबिक लड़की मार्च में 15 साल की थी। हालांकि लड़की के वकील द्वारा बेंच के समक्ष पेश किए गए आधार कार्ड के अनुसार, उसकी उम्र 19 वर्ष से अधिक है। इस पर बेंच ने कहा कि यह स्पष्ट है कि मुस्लिम कानून के अनुसार, जो लड़की यौवन की आयु प्राप्त कर चुकी है वह अपने माता-पिता की सहमति के बिना शादी कर सकती थी और उसे अपने पति के साथ रहने का अधिकार था, भले ही वह 18 वर्ष से कम उम्र की हो। बेंच ने टिप्पणी करते हुए कहा कि पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के उस आदेश पर भरोसा किया, जिसमें अदालत ने सर दिनशाह फरदुनजी मुल्ला की पुस्तक मोहम्मडन कानून के सिद्धांत का संदर्भ दिया था। जस्टिस सिंह ने आगे कहा कि अगर लड़की ने जानबूझकर और अपनी खुशी से शादी की सहमति दी है, तो राज्य उसके निजी स्थान में प्रवेश करने और जोड़े को अलग करने वाला कोई नहीं है। बेंच ने आदेश में कहा कि ऐसा करना राज्य द्वारा व्यक्तिगत स्थान का अतिक्रमण करने के समान होगा। दरअसल, इस दंपती ने अप्रैल में पुलिस सुरक्षा और यह सुनिश्चित करने का निर्देश देने के लिए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था कि कोई भी उन्हें एक-दूसरे से अलग न करे। लड़की के माता-पिता ने 5 मार्च को द्वारका जिले के थाने में मामला दर्ज करा नाबालिग के अपहरण का आरोप लगाया था। बाद में मामले में आईपीसी की धारा 376 ( बलात्कार ) और यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण ( पॉक्सो ) एक्ट की धारा 6 ( बढ़ी हुई यौन हमला ) को जोड़ा गया। हालांकि, लड़की ने हाईकोर्ट को बताया कि घर पर उसके माता-पिता उसे नियमित रूप से पीटते थे और उन्होंने जबरन उसकी शादी किसी और से करने की कोशिश की। पुलिस ने 27 अप्रैल को लड़की को उस व्यक्ति के कब्जे से बरामद किया और उसे बाल कल्याण समिति ( सीडब्ल्यूसी ) के समक्ष पेश किया। सीडब्ल्यूसी के निर्देश पर उसे हरि नगर के निर्मल छाया कॉम्प्लेक्स में रखा गया था। लड़की का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील ने बेंच को यह भी बताया कि वह गर्भवती है और अपनी मर्जी और सहमति से उस व्यक्ति के साथ भाग गई थी। जस्टिस सिंह ने आदेश में कहा कि इस मामले के तथ्य पहले के एक फैसले से अलग हैं, जिसमें यह माना गया था कि यह मामला पॉक्सो से अलग है जिसमें 18 साल से कम उम्र के बच्चों को यौन शोषण से बचाने के लिए एक कानून बनाया गया है, लेकिन यहां मामला मुस्लिम कानून का लागू होगा।बेंच ने कहा कि यह मामला शोषण का मामला नहीं है, बल्कि एक ऐसा मामला है जहां याचिकाकर्ता प्यार में थे, उन्होंने मुस्लिम कानूनों के अनुसार शादी कर ली और उसके बाद शारीरिक संबंध बनाए। दंपती पति-पत्नी के रूप में एक साथ रह रहे थे और उन पर शादी से पहले यौन संबंध रखने का कोई आरोप नहीं है। अदालत ने आगे कहा कि याचिकाकर्ताओं को कानूनी रूप से एक-दूसरे से शादी करने से इनकार नहीं किया जा सकता है क्योंकि यह 卐विवाह का सार卐 है और अगर वे अलग हो जाते हैं, तो यह केवल लड़की और उसके अजन्मे बच्चे को और अधिक आघात पहुंचाएगा। आदेश में कहा गया कि यह भी ध्यान में रखा जाना चाहिए कि वर्तमान मामले में याचिकाकर्ता नंबर 1 ( लड़की ) के घर का माहौल उसके और उसके पति के प्रति शत्रुतापूर्ण है।

## जिन किसानों को किसान निधि अभी तक नहीं मिली है उनको किसान निधि उपलब्ध कराई जाए ठाकुर राकेश कुमार सिंह

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कहां है कि कई किसानों ने बताया है कि उनको किसान निधि उपलब्ध नहीं हो रही है उन्होंने यह भी बताया है कि यहां पर किसान निधि की सर्वे ही नहीं हुई है इसलिए किसान किसान निधि लेने में वंचित हैं यह शिकायत किसानों ने की है भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने यह भी कहा है कि कुछ किसानों की किसान निधि रुक गई है जोके लंबे समय से नहीं मिल पाई है किसान निधि सुचारू की जाए ऐसी किसानों ने शिकायत की है भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने साफ कहा है कि किसानों की किसान निधि की सर्वे की जिम्मेदारी तहसील की होती है तहसील कॉल में विधानसभा कॉल के किसान आते हैं किसान निधि की पूरी जानकारी करने के लिए तहसील भी पहुंचते हैं और जिला कृषि अधिकारी के ऑफिस भी पहुंचते हैं लेकिन उनको किसान निधि के बारे में कोई सही नहीं बताता है तहसीलों के चक्कर जिला कृषि अधिकारी के ऑफिस के चक्कर लगाते लगाते किसान परेशान हैं भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिन्हा चेतावनी देते हुए कहा है जहां भी सर्वे नहीं हुई है वहां किसान निधि की सर्वे कराई जाए जिनको किसान निधि नहीं उपलब्ध हो रही है रुक गई है उसको सुचारु रुप से चालू कराया जाए नहीं मिली है उनको किसान निधि उपलब्ध कराई जाए किसानों का उत्पीड़न किसान निधि को लेकर किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा किसी भी समस्या के लिए किसानों के साथ भाजपा किसान मोर्चा महानगर हर संभव मदद के लिए तैयार हैं और खड़ा है

## महिला ने एंबुलेंस में दिया बच्चें को जन्म



विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

खुटार शाहजहांपुर-क्षेत्र के गांव माधौपुर निवासी रियासत की पत्नी असनम बानों ने 108 सेवा एंबुलेंस में बच्चें को जन्म दिया, एंबुलेंसकर्मियों ने महिला को अस्पताल में भर्ती कराया श्वरूल्ल टंडन बाबू ने बताया कि रियासत ने सूचना दी कि उनकी पत्नी असनम बानों को अत्यधिक प्रसव पीड़ा हो रही है अस्पताल ले जाने के लिए कोई वाहन नही है सूचना मिलते ही अशफाक अली के साथ एंबुलेंस लेकर गांव पहुंचे, वापस लौटते समय खुटार पुवायां मार्ग पर रामपुर कलां में महिला ने एंबुलेंस में ही बच्चें को जन्म दे दिया, इसके बाद महिला को खुटार सीएचसी प्रसव केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां जच्चा बच्चा दोनों सुरक्षित है।

## 20 हजार रिश्वत लेते दारोगा-सिपाही गिरफ्तार, विरोधी पर एफआईआर और कार्रवाई के लिए मांगे थे रुपए

मुरादाबाद - दो पक्षों में हुए विवाद के बाद एक पक्ष की तरफ से एफआईआर दर्ज करने के नाम पर 20 हजार रिश्वत लेते दारोगा और सिपाही को गिरफ्तार किया गया है। एंटी करप्शन की टीम ने पुलिस चौकी में ही अचानक धावा बोलकर दोनों को पकड़ लिया। मामला संभल के रजपुरा थाना क्षेत्र के डीएसएम पुलिस चौकी का है। दोनों को गिरफ्तार कर एंटी करप्शन की टीम बहजोई थाने ले गई। वहां से आवश्यक कार्रवाई की गई। माना जा रहा है कि यही से दोनों को कोर्ट में पेश किया जाएगा। एंटी करप्शन टीम में शामिल इस्पेक्टर वीके सिंह ने बताया कि कुछ समय पहले रजपुरा थाना क्षेत्र के दोहरी गांव के अनिल के साथ गांव के ही कुछ लोगों का विवाद हुआ था। इस मामले में 8 अगस्त को एनसीआर दर्ज की गई थी। एनसीआर में पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। पये की रिश्वत मांगी। रिश्वत की शिकायत एंटी करप्शन टीम से की गई। एंटी करप्शन टीम ने दारोगा और सिपाही को रिश्वत लेते गिरफ्तार करने के लिए पूरा प्लान तैयार किया। मंगलवार को रिश्वत के लिए 20 हजार रुपये देकर वादी अनिल को दारोगा के पास भेजा। दारोगा से पहले सिपाही आनंद कुमार ने 20 हजार रुपये लिए और दरोगा दीपक कुमार को दिया। जैसे ही रुपये सिपाही ने दारोगा को रुपये दिये एंटी करप्शन की टीम ने धावा बोल दिया। दोनों को पुलिस चौकी से ही गिरफ्तार कर लिया गया। इसके बाद अपनी गाड़ी में दोनों को बैठाकर टीम के सदस्य थाने लेकर आ गए। इस दौरान सिपाही लगातार खुद को निर्दोष बताता रहा। उसने इसके लिए दारोगा को जिम्मेदार बताया।

## सड़क हादसे में चाचा भतीजे गम्भीर घायल

विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

खुटार शाहजहांपुर- थाना क्षेत्र के गांव ढकना लहिया निवासी गोविंद कुमार गांव में ही रहने वाले अपने चाचा मायाराम के साथ किसी कार्य से खुटार आये थे

जहां से रात करीब नौ बजे बाइक से घर वापस लौट रहे थे,तभी रास्ते मे लालपुर पेट्रोल पंप के पास हुए सड़क हादसे में दोनो गम्भीर घायल हो गये, प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार किसी अज्ञात वाहन ने एक छुट्टा पशु को टक्कर मार दी जिससे यह दोनों बाइक सवार भी चपेट में आकर घायल हो गये और बेजुबान गौवंशीय पशु की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे होते ही वाहन चालक मौके से गाड़ी लेकर फरार हो गया।108 एम्बुलेंस की सहायता से दोनो घायलों को खुटार के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टरों ने उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## 01 किलोग्राम नाजायज चरस के साथ दो गिरफ्तार



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच


श्रावस्ती- प्रभारी निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह व पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र भ्रमण के दौरान मुखबिर की सूचना परसुजानडीह के जंगल के पास मजार से 02 अभियुक्तगणों को 500-500 ग्राम ( कुल 1 किलो ग्राम ) नाजायज चरस कीमत करीब रु0 10 लाख के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त गणों के विरुद्ध थाना मल्हीपुर पुर मु0अ0स0 389/22 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट बनाम जुनैद शेख पुत्र स्वह शमीम निह बदला चौराहा थाना मल्हीपुर श्रावस्ती व मुकदमा अपराध संख्या 390/22 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट बनाम मुख्तार अहमद पुत्र स्वह इरफान अहमद निह बदला चौराहा थाना मल्हीपुर जनपद श्रावस्ती पंजीकृत किया ।

## 77 लीटर कच्ची शराब बरामद

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- जिलाधिकारी नेहा प्रकाश के आदेशानुसार अवैध मद्य निष्कर्षण एवं अवैध शराब के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के अन्तर्गत रविवार को आबकारी निरीक्षक बलराम सिंह एवं अरविंद कुमार सिंह की संयुक्त टीम द्वारा थाना मल्हीपुर के दुर्गापुरावा, केपुरवा, ग्राम राजपूतीया, थाना सोनवा के खैरहवा कला, थाना भिनगा के उल्लहवा, भयापुरवा, खुरेहरी में दबिश कार्यवही की गयी। दबिश के दौरान 77 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई और 180 किग्रा लीटर लहन मौके पर नष्ट की गई। और तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।उक्त जानकारी जिला आबकारी अधिकारी पी0के0 गिरी ने दी है।

## अपर पुलिस अधीक्षक ने व्यापारी के साथ की मासिक गोष्ठी



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य के निर्देशन में “व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ” प्रभारी अपर पुलिस अधीक्षक केशव चंद्र गोस्वामी द्वारा पुलिस कार्यालय के सभागार कक्ष में व्यापारियों के समुचित सुरक्षा व्यवस्था एवं उनकी समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु गोष्ठी की गयी। गोष्ठी में आये व्यापारियों से सुरक्षा व्यवस्था के सम्बन्ध में जानकारी ली गयी।

व्यापारियों द्वारा कस्बो में लगने वाले जाम/अतिक्रमण व सीसीटीवी कैमरा सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में बताया गया। अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा व्यापारियों को पुलिस विभाग द्वारा पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया गया। गोष्ठी में उपस्थित व्यापारियों से उनकी समस्याओं के बारे में जाना गया। बैंक प्रबंधको व पेट्रोल पंप/गैस एजेंसी/भट्ठा मालिको निर्देशित किया गया कि आप लोग अपने माध्यम से जो गार्ड/चौकीदार रखते हैं उनका पुलिस वेरिफिकेशन अवश्य करा लें तथा सीसीटीवी कैमरे आदि की भी समुचित व्यवस्था कर लें।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से साले बहनोई घायल



विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

खुटार शाहजहांपुर- थाना क्षेत्र के गांव रसवां कलां निवासी लोकराम अपने जीजा थाना मैलानी के गांव नरायनपुर निवासी शंकर लाल के साथ गांव लक्ष्मीपुर गया था,जहां से दोनो वापस घर लौट रहे थे,तभी गांव रैतापुर कलां पेट्रोल पम्प के पास सामने से आ रहे किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे दोनों गम्भीर रुप से घायल हो गये दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद शंकर लाल की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# धर्मगुरुओं के साथ टीकाकरण एवं कोविड-19 अभिमुखीकरण बैठक सम्पन्न



मुरादाबाद - कलेक्टेªट सभागार में जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में नियमित टीकाकरण एवं कोविड-19 टीकाकरण के सुदृढ़ीकरण हेतु बैठक आहूत की गयी। बैठक में कोविड-19 और नियमित टीकाकरण की जागरुकता हेतु धर्म गुरुओं का उन्मुखीकरण किया गया। जिलाधिकारी ने टीकाकरण की महत्वता पर जोर दिया तथा उन्होंने बताया कि अगर बच्चे के शुरुआती दो साल में नियमित टीकाकरण करवाया जाये तो हम देश को एक स्वस्थ बच्चा दे सकेंगे जोकि अगले 80 वर्ष तक देश के लिए एक सम्पत्ति की भूमिका अदा करेगा। उन्होंने बच्चे के लिए मां के दूध की महत्वता के बारे में भी बताते हुए कहा कि मां का दूध बच्चे की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है जिससे उसका आधार मजबूत बनता है। उन्होंने कहा कि भारत की औसत आयु वर्तमान में 70 वर्ष है जोकि मेडिकल साइंस में उन्नति, लोगों के खान पान में बदलाव व सेहत के लिए जागरुकता के कारण संभव हुआ। उन्होंने बताया कि धर्म गुरु व जिला प्रशासन दोनों मिलकर एक और एक दो नही बल्कि ग्यारह के बराबर होते हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि गर्भवती महिलाओं को टीका, बच्चों को टीका व कोविड के टीके लगवाने के लिए हम सभी को सक्रिय होने की आवश्यकता है, जिसमें धर्म गुरुओं का योगदान अति महत्वपूर्ण है। जिलाधिकारी ने कहा कि विभिन्न धर्म संस्थाएं अपने परिसर से लोगों में वैक्सीनेशन के संबंध में जागरुकता फैलाने में भरपूर योगदान दें। जिलाधिकारी ने बताया कि कोविड-19 से निपटने हेतु अन्तरविभागीय व सामाजिक समन्वय व सहयोग की आवश्यकता है तथा हमे समझना है कि कैसे कलंक/लांछन, भेदभाव व गलत सूचनाएं कम टीकाकरण का कारण बनती है और इन समस्याओं से निराकरण के लिए सही दिशा में जागरुकता अति आवश्यक है। जिलाधिकारी ने हर घर शौचालय योजना का स्वस्थ भारत के लिए महत्वता पर बल दिया। बूस्टर डोज में प्रतिशत कम होने पर चिन्ता व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि निकट भविष्य में हम सभी को मिलकर इसका शत प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण करने की कोशिश करनी है। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने सभी धर्मगुरुओं व संस्थाओं का धन्यवाद ज्ञापित किया। मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि वर्तमान में वैक्सीन से बडी कोई चीज हमारे पास नही है हम लोगों को पूरी ताकत टीकाकरण की जागरुकता में लगानी चाहिए। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी ने धर्मगुरुओं से टीकाकरण में सहयोग की अपील की। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी ने बताया कि आशा, एएनएम व विभिन्न फील्ड वर्करों के माध्यम से शत प्रतिशत टीकाकरण हेतु सहयोग लें। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 एम0सी0 गर्ग, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा0 मनोज चैधरी, समस्त धर्म गुरु व चिकित्सीय एवं एनजीओ प्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

# उत्तर रेलवे महाप्रबंधक ने किया निरीक्षण, कल मुरादाबाद आएंगे रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव



मुरादाबाद - उत्तर रेलवे महाप्रबंधक आशुतोष गंगल मंगलवार को दोपहर में मालगाड़ी से औचक निरीक्षण करते हुए मुरादाबाद पहुंचे। थोड़ी देर रुकने के बाद वापस नजीबाबाद लौट गए। माना जा रहा है कि रेल मंत्री ने निरीक्षण के लिए भेजा था। मंगलवार को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव बिजनौर पहुंचे। उसके साथ उत्तर रेलवे महाप्रबंधक आशुतोष गंगल भी बिजनौर पहुंचे थे। रेलवे मंत्री बिजनौर के कार्यक्रम रह गए। उत्तर रेलवे महाप्रबंधक को कुछ अधिकारियों के साथ नजीबाबाद से मुरादाबाद तक निरीक्षण करने का आदेश दिया। महाप्रबंधक नजीबाबाद से मुरादाबाद की ओर आने वाली मालगाड़ी पर सवार होकर मुरादाबाद पहुंचे। प्लेटफार्म पर उतरने के बजाय आउटर पर उतर गए और अधिकारियों के साथ पैदल प्लेटफार्म पर पहुंचे। स्टेशन पर तैनात सुपरवाइजर को जानकारी मिलते ही जीएम के पास पहुंचे और वीआइपी रूम के थोड़ी देर इंतजार किया। किसी से कोई बातचीत नहीं की। उसी समय हावड़ा से देहरादून जाने वाली कुंभ एक्सप्रेस पहुंची। सभी अधिकारी कुंभ एक्सप्रेस में सवार होकर नजीबाबाद वापस लौट गए। माना जा रहा है कि रेल मंत्री ने ट्रेन को किस गति से चलाया जा रहा है और संरक्षा के नियम का पालन किया जा रहा है या नहीं, इसकी जांच करने के लिए भेजा था। बुधवार को रेल मंत्री इसी मार्ग होकर धामपुर से मुरादाबाद तक आएंगे।

# महिला को दूसरे पति ने मारपीट कर दिया तलाक, केस दर्ज

मुरादाबाद - कटघर थाना क्षेत्र निवासी महिला ने पति पर मारपीट कर तीन तलाक देने का केस दर्ज कराया है। थाना कटघर के पीरजादा निवासी शमशाद बेगम ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उसके पहले पति की मौत हो चुकी है। ढाई साल पहले उसने मुगलपुरा के मोहल्ला बरवलान निवासी मंसूर बेग से दूसरा निकाह किया। आरोप लगाया कि मंसूर बेग आए दिन उसके साथ मारपीट करता है। वह उन्हें और बच्चों को खर्चा भी नहीं देता। इस कारण शमशाद अपने बच्चों के के साथ पहले पति के घर रहती है। आरोप लगाया कि 22 अगस्त को रात में करीब 11.30 बजे मंसूर बेग उसके घर पहुंचा और गाली-गलौज करने लगा। शमशाद ने विरोध किया तो उसे तीन तलाक देकर वहां से चला गया। इस पर पीड़िता ने पुलिस में तहरीर दी। एसएचओ कटघर मनीष सक्सेना ने बताया कि आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

**अन्य खबरों के लिए देखे**

**WWW.KNLSIVE.COM**

# विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव द्वारा मुरादाबाद जिला कारागार का औचक निरीक्षण




मुरादाबाद - राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली /उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मुरादाबाद के अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश, मुरादाबाद डॉ0 अजय कुमार-द्वितीय के दिशा-निर्देशन में आज सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिन कुमार दीक्षित द्वारा जिला कारागार, मुरादाबाद का निरीक्षण किया गया एवं जिला कारागार, मुरादाबाद में निरूद्व बंदियों को उनके अधिकारों से जागरूक करने के उद्देश्य से एक विधिक जागरूकता/साक्षरता शिविर का आयोजन भी किया गया। जेलर द्वारा बताया गया कि आज जिला कारागार, मुरादाबाद में कुल 3733 बंदी निरूद्व हैं। जबकि कारागार में बंदियों की रूकने की क्षमता 717 की है। जिला कारागार मुरादाबाद में जनपद मुरादाबाद के कुल 2036 बंदी निरूद्व हैं, जिनमें से 1970 पुरूष बंदी एवं 66 महिला बंदी हैं। जेलर द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि जिला कारागार में निरूद्व महिला बंदियों के साथ 13 बच्चे हैं। सचिव द्वारा भोजन की गुणवत्ता को परखा गया व आर ओ से जुड़ी टँकी की सफाई हेतु निर्देशित किया गया। कारागार में आयोजित विधिक जागरूकता शिविर के माध्यम से सचिव द्वारा जिला कारागार में निरूद्व बंदियों को उनके अधिकार एवं उपेक्षित व्यक्तियों के अधिकार के बारे में जागरूक किया गया। इसके अतिरिक्त जिला कारागार में निरूद्व बंदियों को वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों के बारे में, शासन की योजनाओं के बारे में एवं अन्य विभिन्न प्रकार की विधिक जानकारी उपलब्ध कराई गई। जिला कारागार, मुरादाबाद में स्थापित लीगल एड क्लीनिक के बारे में जेलर द्वारा अवगत कराया गया कि जिला कारागार, मुरादाबाद में स्थापित इस क्लीनिक में 10 पुरूष एवं 03 महिला पराविधिक स्वयं सेवक नियुक्त हैं जो बंदियों की समस्या को सुनकर उनका निराकरण करने हेतु अधीक्षक जिला कारागार और सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मुरादाबाद एवं अन्य अधिकारियों को उनकी समस्या लिखकर प्रेषित कराते हैं। वगत कराया और उप जेलर को निर्देशित किया गया कि वह ऐसे बंदी जो अग्रिम माह के प्रथम शनिवार दिनॉक 03-09-2022 को आयोजित होने वाली जेल लोक अदालत के माध्यम से अपना वाद निस्तारित कराना चाहते हैं उनका प्रार्थना पत्र लेकर अविलंब सम्बन्धित न्यायालय में प्रेषित कराना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान जेलर मृत्युंजय कुमार पाण्डेय, डिप्टी जेलर अन्विता श्रीवास्तव, डिप्टी जेलर अनुज कुमार, डी0ई0ओ0 ईशु शर्मा आदि उपस्थित रहे।

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

**क्यूँ न लिखूँ सच**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

**संपादक - नरेश राज शर्मा**

मो. 9027776991

**Title Code : UPBIL05086**

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Abuse of words

In a civilized society, a woman and that too a lawyer being in judicial custody on charges of abusing and insulting is as sad as it is shameful. In this August, two such cases have come to light in Gautam Budh Nagar of the National Capital Region, which are compelling to think. In case of crime, the law will take its course, but how will the wounds caused by abusive words be treated? Abusive words are not just exchanged between two people that its importance should be looked down upon.

Spoken words or abusive words make or break a society. Whether it is the case of Shrikant Tyagi or that of Bhavya Roy, had it not been for the use of abusive words in these two cases, the controversy might not have escalated so much. The first case escalated to the Mahapanchayat of a fraternity, while in the second a woman had to go to jail. Ironically, both the cases are related to the alleged societies. Neither such societies are new nor have the people living in the societies suddenly become big or abusive? One has to understand the changes taking place in the society."One more special thing, be it smartphones, multiple videos of the same incident have started becoming viral and otherwise it is not easy to rein in such bullies. The good thing is that seeing the bad incident, social media is openly objecting and the mistakes are getting exposed, forcing the police to take action.

It is a good thing that smartphones can become a medium for language improvement and goodwill. Because of the smartphone, even a poor person can fight for his honor. Can demand account of the alleged bigoted people for their abusive words. Guards, servants, hawkers, drivers and other servants also expect and deserve respect and equality. They expect ideal behavior from educated people, but often take a sip of humiliation. It is worth noting that if the law is not able to ensure the treatment of equality between the servant-master or us citizens, then the camera often proves to be effective. In the videos that have gone viral full of abusive words, people must be testing their respective characters. Does society really need abusive words? Do bad words also make society better? If someone throws abusive words seriously,

then how many people have the capacity to rejoice? It has been said over and over again, treat others as you like yourself. It cannot happen that someone abuses filthy and then expects respectful words for himself. Look at the serious sections against the woman who was fighting for her honor by insulting others in Noida. What does it mean to be educated and a lawyer? In which class are abuses being taught? Do substandard or so-called modern web series also contribute to the increasing abuse in society?

There is a price for enjoying abusive words, which someone's camera can charge you with interest? Abusing a particular region cannot be tolerated at all. It is also not acceptable that if someone is intoxicated, then he should be allowed to speak abusive words. Now whenever someone resorts to abusive words, he should feel that some camera is recording crime.

अन्य खबरों के लिए देखे
WWW.KNLSIVE.COM

# When Vidya Balan had a problem with this part of her face, she was only worried about one thing

Actress Vidya Balan, known for her superb acting in Bollywood, is once again in the news. Vidya, who values ??quality over looks, shares an anecdote that reminded her of an old habit that narrates the link between accepting her- self and not doing. Vidya Balan has shared a post sharing some of her pictures on her official Instagram account. In the caption, the ac- tress said, "A few days ago, at an event, that beau- tiful girl came to me to take a photo... There was a crowd and I was trying to take as many pic- tures as possible. People were joking and this Amidst the crowd, the girl came back to take another photo. My manager (who is very quick) immediately told her, 'Aapne toh le liya... please no more.' To which she said, 'Wrong Took it from the side, I am not look- ing good, I will not be able to post this.' She was sad and the car fol- lowed me in the pro- cess of taking the per- fect picture.. It seemed as if her life depended on it.. I sat in the car in surprise again... Made me think." The actress further wrote, "You know I have always given more importance to my left pro- file than my right profile... but with time as I started loving and being myself every day Started this journey of accepting a little more, I realized that liking one profile means liking one part of me over another... because the truth is I didn't just like my left profile I also disliked the right profile. I used to tell photographers and cinematographers to avoid shooting me from the right side... I was scared if someone shot me from the right side because I thought it was my ugly side . It was almost like being exposed to fear." Talking about accepting herself in the end, Vidya said, "With the increasing acceptance and love for every part of me that I am today, I do not care where I will be shot… I am not afraid of anyone anymore. I think they will see this side of me."



# stop watching my movies if you don't like me

Mumbai Bollywood actress Alia Bhatt has responded to those criticizing her for nepotism, saying that if some people do not like her, then stop watching her films. Alia said, "People always have something to say. Hopefully, through my films, I will be able to prove to them that I am worthy of the place I am. I was born in such a family, how can I control it? How can I control what was the profession of my parents? You want me to feel ashamed for my father's hard work. Yes, I have got things easily, but I work very hard for my work." Alia said, "There are two ways to deal with nepotism. First by con- trolling it and I can prove my space and my place. I think only I can silence these trolls through my films. So don't respond or feel bad. I felt bad too, but it would be a very small price to feel bad for the work that people love and respect you so much. I keep quiet, do my work and go home. If you don't like me, don't watch my movies and me. What more can I do than that?"



आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

## मिड-डे-मील मामले में एबीएसए को अलीगंज से हटाया गया

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-अलीगंज के प्राथमिक विद्यालय बनी में मिड-डे-मील न बनने के मामले में एबीएसए आनंद द्विवेदी को भी अलीगंज से हटा दिया गया है। बीएसए संजय सिंह ने अलीगंज के प्राथमिक विद्यालय बनी में मिड-डे-मील न बनने के मामले में एबीएसए आनंद द्विवेदी को भी अलीगंज से हटा दिया गया है। बीएसए संजय सिंह ने उनको मुख्यालय से सम्बद्ध किया है। प्राथमिक विद्यालय बनी में सात माह से मिडे-डे-मील न बनने के मामले में एबीएसए स्तर से कार्रवाई न करने को लापरवाही माना गया। इसी को लेकर अलीगंज एबीएसए को वहां से हटाया गया है। विद्यालय में जूनियर के शिक्षक अजय मिश्रा को मिड-डे-मील का चार्ज सौंपा गया है। कई माह से मिड-डे-मील न बनने के मामले में बीएसए ने तीन शिक्षकों को निलंबित करने की कार्रवाई के बाद एबीएसए को हटाया है। उनके स्थान पर जैथरा के एबीएसए सुरेन्द्र सिंह अहिरवार को अलीगंज का चार्ज सौंपा गया है। सस्पेंड किया गया था।

## बाइक भिड़ंत में गंभीर घायल दूसरे युवक ने भी तोड़ा दम

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-अलीगंज। बाइक भिड़ंत में गंभीर घायल हुए दूसरे युवक ने भी दम तोड़ दिया। युवक की मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी पर पहुंची पुलिस ने शव बाइक भिड़ंत में गंभीर घायल हुए दूसरे युवक ने भी दम तोड़ दिया। युवक की मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। रविवार को थाना राजा का रामपुर के गांव असदनगर के पास रविवार शाम को दो बाइक आपस में भिड़ गई थीं। टक्कर लगने से ओमपाल निवासी कैला राजा का रामपुर की मौत हो गई। तीन अन्य गंभीर घायलों को मेडिकल कॉलेज भेज दिया था। ओवेन्द (22) पुत्र अमर सिंह निवासी श्री का नगला कासगंज को एटा से परिवारीजन आगरा लेकर जा रहे थे रास्ते में ओवेन्द्र ने भी दम तोड़ दिया।

## हसन शाह वारसी का 104 वा सालाना उर्स बड़ी शान वा शौकत के साथ मनाया गया



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-नगर मे हुआ उर्स ए वारसी का समापन एटा में हसन शाह वारसी का 104 वा सालाना उर्स बड़ी शान वा शौकत के साथ मनाया गया जिसमे 19.08.22.कोमीलाद शरीफ का आयोजन बाद ईशा की नमाज के बाद किया गया 20.0822, वा 21.08.22की रात को बाहर से आए हुए कव्वालो ने अपने कलाम पेश किए जिसमे देहरादून उत्तराखंड से कव्वाल, इरफान जो की हबीब painter के सागिर्द है उन्हूने अपने कलाम से नवाजा, बॉम्बे से आए हुए कव्वाल ने भी अपने कलाम से नवाजा नगर वासियों को मगन मुग्त किया आज 22.08.22की सुबह 9=बजे कुल शरीफ की नज़र पैश की गई जिसके साथ ही उर्स बड़ी शान के साथ समापन हुआ

उर्स में हाजी इदरीश बरकाती पप्पू हामिद सदर शराफत काले नसीर ठेकेदार बहारुद्दीन वारसी, मोहम्मद इरफान वारसी, असरार अहमद, सद्दीक अहमद, मोहम्मद इरफान स्त्र1श, सुलतान, रियाज अब्बास, अब्दुल तारिक, मो, फरमान, अख्तर हुसैन, आदि लोग उर्स में शामिल हुऐ और सबाबे दरैन हासिल किया

## अबैध कटान की उप जिलाधिकारी से ग्रामीणों ने की शिकायत

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा- एटा के विकास खंड शीतलपुर के ग्राम सैतरा बनवारीपुर में जेसीबी मशीनों ने अवैध रूप से मिट्टी खनन किया है। जिसकी शिकायत उप जिला अधिकारी एटा को संबोधित प्रार्थना पत्र ग्रामीणों ने तहसीलदार एटा को दिया।गामीणों का आरोप है कि उनके गांव की धुरे की मेड को तोड़कर अवैध रूप से मिट्टी माफिया ठेकेदार गांव के धुरे की मेड को तोड़कर और गहराई अधिक लेकर मिट्टी का कटान कर रहे हैं इससे ग्रामीणों के मकान गिरने की संभावना बढ़ गई हैऔर बच्चो की जान को खतरा हो सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि जेसीबी मशीन और डंपर वालों ने कुछ ग्रामीणों को धमकाते हुए जान से मारने की नियत से रौंदने का प्रयास किया। इस पर संबोधित पत्र उप जिलाधिकारी तहसील सदर एटा को संबोधित पत्र तहसीलदार एटा को दिया जिसपर तहसीलदार साहब ने एसएचओ/ राजस्व निरीक्षक/ लेखपाल को आदेशित किया है ।कृपया आवश्यक कार्रवाई करें ।और आश्वासन दिया हैं कि जल्द से जल्द उनकी समस्या का समाधान किया जाएगा।

## दुष्कर्म तथा हत्या के मामले में एक आरोपी को मिली आजीवन कारावास एवं 60,000 हजार रुपए के जुर्माने की सजा

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-पुलिस की प्रभावी पैरवी एवं सतत निगरानी के चलते माननीय न्यायालय से दुष्कर्म तथा हत्या के मामले में एक आरोपी को मिली आजीवन कारावास एवं 60,000 हजार रुपए के जुर्माने की सजा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह के निर्देशन में जनपदीय मॉनिटरिंग सेल द्वारा लगातार निगरानी रखते हुए- आज दिनांक 22.08.2022 को अभियुक्त वीरेंद्र कुमार पुत्र वेदराम निवासी निधौली खुर्द थाना रिजोर एटा थाना रिजोर जिला एटा को दोषी पाते हुए माननीय न्यायालय स्पे0 जज पोक्सो-2 एटा द्वारा अभियुक्त उपरोक्त को आजीवन कारावास एवं 60 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया है।


## मेडिकल कालेज का ऑक्सीजन प्लांट तीन दिन से बंद

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




एटा-वीरांगना अवंतीबाई लोधी स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय का ऑक्सीजन प्लांट तीन दिन से बंद पड़ा है। इमरजेंसी में भर्ती होने वाले मरीजों को वीरांगना अवंतीबाई लोधी स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय का ऑक्सीजन प्लांट तीन दिन से बंद पड़ा है। इमरजेंसी में भर्ती होने वाले मरीजों को ऑक्सीजन सुविधा बमुश्किल कन्सन्ट्रेटर, सिलेण्डर के माध्यम से प्रदान की जा रही है। ऑक्सीजन प्लांट प्रभारी मुकेश कुमार ने बताया कि बीते शनिवार से ऑक्सीजन प्लांट बंद पड़ा है। जिसकी सूचना संबंधित कंपनी को भेज दी गई है। सूचना पर आए इंजीनियर ने बताया कि प्लांट में कुछ पाटर्स खराब हो गए हैं। खराब पार्ट्स मंगाने के लिए इंजीनियर वापस चला गया। उसके बाद अभी तक कंपनी से न सामान आया है और न ही इंजीनियर। लगातार उनसे फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया जा रहा है। ऑक्सीजन प्लांट ब्रेक डाउन होने से ऑक्सीजन संकट उत्पन्न होने की संभावना बनी हुई है।

## सिरफिरे ने बीच चौराहे दारोगा को पटककर पीटा, किसी तरह हवालात में डाला गया



बदायूं में एक सिरफिरे युवक ने टहलने निकले दारोगा पर अचानक ही हमला कर दिया। हमले में दरोगा को चोट आ गई है। दारोगा की वर्दी भी फट गयी। मामले की जानकारी पर पहुंची पुलिस टीम आरोपी को पकड़कर कोतवाली ले आयी। जैसे तैसे उसे काबू करके हवालात में बंद किया जा सका।देर शाम को पुलिस लाइन में तैनात दारोगा अवधेश पारासर किसी काम से अलापुर गये थे। देर शाम को वे जोगीपुरा रोड पर स्थित एक धर्मशाला के पास रुकने के बाद पैदल ही लावेला चौक से जा रहे थे। जैसे ही जैन मंदिर के पास पहुंचे सिरफिरे युवक ने उन पर अचानक हमला कर दिया। दारोगा कुछ समझ पाते तब तक सिरफिरे ने उन्हें जमीन पर गिरा दिया और पीटने लगा। बीच चौराहे वर्दी में दारोगा की पिटाई देख लोग बचाने दौड़े। कई लोगों ने कोशिश की लेकिन सिरफिरा किसी के कब्जे में नहीं आया। इस पर लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और उसको दबोचना चाहा लेकिन वह सिपाहियों से भी भीड़ गया। जैसे जैसे लोगों की मदद से उसे काबू करके कोतवाली ले जाया गया। कोतवाली में सिरफिर ने गाली के अलावा बात ही नही की। पुलिस ने उसको काबू करने की कोशिश की तो वह योगी-मोदी जिंदाबाद के नारे लगाने लगा। इसके बाद पुलिस को समझ में आ गया कि युवक मानसिक बीमार है इसके बाद उसे जिला अस्पताल भेजा। प्रभारी कोतवाल आकाश कुमार ने बताया, युवक सिरफिरा है। उसको हिरासत में लिया गया है। अधिकारियों के निर्देश के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। दरोगा को चोट नहीं लगी है। हमला किया गया है। जांच की जा रही है।

### इस वजह से दारोगा को पीटा

सुबह घायल हालत में दादी की रसोई के पास मिला सिरफिरे युवक का नाम राजा पुत्र चंद्रपाल निवासी बरनी ढकपुरा को एंबुलेंस से दादी की रसोई के पास से घायल अवस्था में जिला अस्पताल लाया गया था। जैसे ही वह जिला अस्पताल पहुंचा वैसे ही वह एंबुलेंस कर्मचारी से भिड़ गया। कर्मचारी से छूटा तो अस्पताल में तैनात होमगार्ड से भिड़ गया। जैसे तैसे उसको बचाया गया। शाम के समय उसकी हरकत देख पुलिसकर्मियों ने उसे पीट दिया। इससे वह तैश में था। इसी बीच पैदल जाते दरोगा को वह पिटाई करने वाले पुलिस कर्मी समझा और उन्हें पीट डाला।

# आज भी मोबाइल नेटवर्क को तरसते है यहां के ग्रामीण

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर-ओड़गी-आज इस सूचना और प्रोधोगिकी के चलते शायद ही कोई गांव या कस्बा मोबाइल नेटवर्क से वंचित रह पाया है. परन्तु आज भी ओड़गी तहसील की ग्राम पंचायत घुईडिह, छतरंग, बड़वार, मोबाइल नेटवर्क से वंचित है, जिससे गांव के लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कम्पनी द्वारा दो साल पूर्व टावर का कार्य किया गया पूरा परन्तु अभी तक चालू नहीं गौरतलब है कि ग्राम पंचायत छतरंग , घुईडीह , बड़वार में जियो कंपनी के द्वारा आज से लगभग 2 वर्ष पूर्व टावर का कार्य किया गया है टावर लगकर पूरी तरह से तैयार है टावर से संबंधित सम्पूर्ण कार्य पूर्ण हो चुका है परंतु टावर प्रारंभ नहीं किया गया है । टावर प्रारंभ नहीं होने से ग्राम पंचायत के निवासियों को



- तीन माह पूर्व कलेक्टर को मंडल अध्यक्ष राजेश तिवारी ने सौंपा था ज्ञापन
- गांव छतरंग , घुईडीह , बड़वार के आम जनता है परेशान

मोबाईल में बात करने में अत्याधिक कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है । तीन माह पूर्व ओड़गी भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश तिवारी ने कलेक्टर को सौंपा था ज्ञापन इस संबंध में ओड़गी भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश तिवारी का कहना है कि इस समस्या को लेकर मैंने सूरजपुर कलेक्टर सुश्री इफ्फत आरा को 22 मई 2022 को ज्ञापन सौंपा था परन्तु तीन माह बीत जाने के बाद भी इस समस्या का समाधान नहीं हुआ है । यदि जल्द समास्या का समाधान नहीं होता है तो हम सभी भाजपा के कार्यकर्ता जनता के हित के लिए उग्र आंदोलन करने हेतु बाध्य होंगे।

# प्रदेश उपाध्यक्ष रामकुमार बंछोर ने किया प्रतापपुर क्षेत्र का दौरा




रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- UTGA के मुख्यालय प्रतापपुर में भ्रमण कर समाज को आर्थिक उन्नति कि ओर सशक्त बनाने का निर्णय लिया गया। साथ हि सोशल मीडिया पर प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 18/08/22 को रात 8 बजे कन्या छात्रावास प्रतापपुर की अधीक्षिका पुजा गुप्ता ने आदिवासी व विकलांग महिला भृत्य उर्मिला सिंह के साथ मारपीट कि घटना सामने आई थी,जिसका निरीक्षण करने पहुंचे थे। और साथ एक जमीन को फर्जीवाड़ा तरीके से बेचने का मामला सामने आया है,उसे भी पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

और भी विभिन्न मुद्दों पर लोगों से भेंट मुलाकात हुई। उनके साथ कृष्ण नारायण प्रताप चेरवा (जिलाध्यक्ष आदिवासी युवा छात्र संगठन सूरजपुर), प्रकाश पैकरा ब्लाक अध्यक्ष आदिवासी युवा छात्र संगठन प्रतापपुर, सियाराम सोनपाकर,अमुल सांडिल्य, छत्रपाल सिंह, देवलाल चेरवा, रामचन्द्र चेरवा,जीतन चेरवा,बबेश चेरवा आदि लोग मौजूद रहे।

# विख ओडगी मे कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के अनिश्चित कालीन हडताल जारी जिसमे संभाग प्रभारी ओंकार सिंह हुए शामिल

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर-ओडगी - लंबित मंहगाई भत्ता व पुनरीक्षित गृह भत्ता की मांग को लेकर कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय आह्वान पर छग मे प्रान्त व्यापी अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन वि ख ओडगी मे द्वितीय दिवस भी जारी रहा, विदित हो इस समय प्रदेश के सभी अधिकारी , कर्मचारी अपने माँग को लेकर 22 अगस्त से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर चले गए हैं, इससे विख ओडगी मे ग्राम पंचायत से लेकर जनपद स्तर के सभी कार्यालयों मे काम काज ठप्प हो गया है, इससे लोगों कई परेशानियों का सामना करना पड रहा है, वहीं लगभग सभी स्कूल भी बंद हो गए हैं , सिर्फ परिवीक्षा अवधि के नव पदस्थ कुछ कर्मचारी ही कार्य पर हैं, आज हडताल के दूसरे दिन फेडरेशन के संभाग प्रभारी व छग शिक्षक संघ के प्रांता अध्यक्ष श्री ओंकार सिंह उपस्थित होकर मार्गदर्शन प्रदान किये, उन्होंने अपनी मांगों को पूरा कराने तक हडताल जारी रखने तथा शासन प्रशासन या किसी बाह्य तत्वों के भ्रामक जानकारी या कार्यवाही की धमकीयों से भयभीत न होने का अपील किया गया, विदित हो विख ओडगी मे संयुक्त शिक्षक संघ, सहायक शिक्षक फेडरेशन, छग



शिक्षक संघ, पंचायत सचिव संघ , लिपिक संघ, वन विभाग कर्मचारी संघ, महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग , चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ, तथा पशुपालन विभाग के कर्मचारी अधिकारी दो दिनों से हडताल पर हैं जिससे सभी कार्यालयों मे काम काज बंद है, वहीं ब्लॉक संरक्षक मोहम्मद महमूद संयोजक विनोद सिंह सहित लवकुमार सिंह, शिव प्रसाद पैकरा के साथ सभी संगठन के ब्लॉक अध्यक्षों ने अपने उद्बोधन मे शतप्रतिशत सदस्यों को धरना स्थल पर उपस्थित होकर अपनी आवाज़ बुलंद करने का अपील किया गया

आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के संपर्क करे- knlslive@gmail.com

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे-

एन.राज शर्मा
प्रधान संपादक
9027776991

सुमित गुप्ता
क्यूँ न लिखूँ सच
9458664527

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# अजय मिश्रा टेनी के दो कौड़ी वाले बयान पर राकेश टिकैत बोले, बेटा जेल में है तो गुस्सा आएगा ही

केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा टेनी के दो कौड़ी वाले बयान पर किसान नेता राकेश टिकैत ने प्रतिक्रिया दी है। राकेश टिकैत ने कहा- जिसका बेटा जेल में हो उसे गुस्सा तो आएगा ही। दरअसल पिछले दिनों लखीमपुर खीरी में हुए किसान महाधरना कार्यक्रम के बाद अजय मिश्रा टेनी ने किसान नेता राकेश टिकैत को दो कौड़ी का आदमी करार देते हुए कहा कि जब कार चलती है तो कुत्ते भौंकते हैं और कई बार तो उसका पीछा भी करने लगते हैं। अजय मिश्रा टेनी ने



कहा था- मान लीजिए मैं एक कार में लखनऊ जा रहा हूं और यह अच्छी गति से जा रहा है। कार को देख सड़क के किनारे कुत्ते भौंकते हैं या कार का पीछा करते हैं। यह उनका स्वभाव है। मैं इसके बारे में कुछ नहीं कहूंगा। हमारा यह स्वभाव नहीं है। चीजें खुद-ब-खुद सामने आ जाएंगी और मैं सभी को जवाब दूंगा। आपके समर्थन से मुझे पूरा भरोसा है। इसके बाद उन्होंने कहा था- दुनिया में कोई भी आपको निराश नहीं कर पाएगा। राकेश टिकैत कितने भी आ जाएं - मैं उन्हें अच्छी तरह से जानता हूं, दो कौड़ी का आदमी है, उन्होंने दो चुनाव लड़े और अपनी जमानत खो दी (बुरी तरह से हार गए)। एक व्यक्ति विरोध करता है तो मैं जवाब नहीं देता। अगर उसकी राजनीति इस वजह से बची है, तो बचे रहने दो। मैंने अपने जीवन में कभी कुछ गलत नहीं किया है। भारतीय किसान यूनियन के नेतृत्व में पिछले दिनों लखीमपुर खीरी में किसानों का 72 घंटे का महाधरना आयोजित हुआ था जिसमें अजय मिश्रा टेनी को बर्खास्त करने की मांग की गई थी। इस दौरान राकेश टिकैत ने कहा था कि मैं छोटा आदमी हूं, वह बड़ा व्यक्ति है, मैं 50,000 लोगों को विरोध के लिए लखीमपुर ले गया ताकि वह नाराज हो जाए। लखीमपुर में गुंडाराज है और लोग उससे डरते हैं। हम लखीमपुर को मुक्त करने के लिए अभियान चलाएंगे।